हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 28 अप्रैल 2024




## खबर संक्षेप

### मतदान की गोपनीयता भंग, कार्रवाई

**राजनांदगांव।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत 26 अप्रैल को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6-राजनांदगांव में मतदान संपन्न होने के दौरान विभिन्न माध्यमों से कुछ व्यक्तियों द्वारा मतदान कक्ष के भीतर बैलेट यूनिट का बटन दबाते अपनी फोटो मोबाईल पर खींचकर अपने सोशल मीडिया एकाउंट फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने की जानकारी मिली है। यह कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा निर्वाचन का संचालन नियम 1961 के तहत मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग को ऐसे व्यक्तियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस पर तत्काल कार्रवाई करते पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की तथा सोशल मीडिया से ऐसे पोस्ट को विलोपित किया गया।

### स्काउट-गाइड ने किया सराहनीय कार्य



**राजनांदगांव।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन में मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं सहित सामान्य मतदाताओं की सहायता के लिए स्काउट-गाईड के विद्यार्थियों का सहयोग सराहनीय रहा। स्काउट गाईड के बच्चों ने मतदान करने पहुंचने वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं सहित सामान्य मतदाताओं की सेवाभाव से मदद की। स्काउट गाईड के बच्चों ने बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर में बैठाकर, हाथ से सहारा देकर मतदान केन्द्र तक लाने का कार्य किया। इसके साथ ही कड़ी धूप को देखते सभी मतदाताओं को ठंडा पानी पिलाने का काम भी किया। मतदान केन्द्रों में स्काउट गाईड के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में कार्य किया। स्काउट गाईड के छात्रों द्वारा मतदान के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मतदान संपन्न, परिणाम के लिए 38 दिनों का इंतजार, पिछले चार चुनाव में यह सवाधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव। देशभर में जारी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव सीट पर शुक्रवार को मतदान करा लिया गया है। लोकसभा के 77.42 फीसदी यानि कुल 1446247 मतदाताओं ने मतदान कर अपना अगला सांसद चुन लिया है। मतदान के निपटते ही अब जीत-हार के कयास लगने शुरू हो गए हैं। राजनीतिक दलों के साथ ही आमजन भी अब जीत-हार को लेकर अपनी राय देने में लगे हुए हैं।

हालांकि अधिकारिक परिणाम चार जून को आएगा। राजनांदगांव लोकसभा चुनाव के मतदाताओं को परिणाम के लिए 38 दिनों का इंतजार करना पड़ेगा। इधर मतदान होने के बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा कर दिया गया है। प्रशासन के साथ ही सुरक्षा बलों की टीमें भी इसकी सुरक्षा और निगरानी में लगा दी गई है। इसके अलावा राजनीतिक दलों ने भी अपने कार्यकर्ताओं को ईवीएम की निगरानी के लिए स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात कर दिया है। भाजपा और कांग्रेस ने दिनभर निगरानी रखने के लिए अलग-अलग समय के लिए बकायदा अलग-अलग टीमें गठित कर दी है। अब अगले 38 दिनों तक निर्वाचन की टीम के साथ यह राजनीतिक दल से जुड़े लोग भी स्ट्रांग रूम के बाहर रहेंगे।

## दोनों दलों ने स्ट्रांग रूम की निगरानी में बैठाए अपने कार्यकर्ता, 4 जून को मतगणना

### इस बार सर्वाधिक इंतजार

मतदान करने के बाद हर किसी को मतगणना का इंतजार रहता है। हर मतदाता चाहता है कि जल्द से जल्द परिणाम सामने आ जाए, लेकिन पिछले चार चुनाव की बात करें तो इस बार सर्वाधिक दिनों का इंतजार राजनांदगांव के मतदाताओं को परिणाम के लिए करना पड़ेगा। इस बार 26 अप्रैल को मतदान के बाद चार जून को परिणाम आएंगे। इस बीच 38 दिनों का इंतजार है। ऐसे ही 2019 के चुनाव में 18 अप्रैल को मतदान और 23 मई को मतगणना के बीच 35 दिनों का अंतर, 2014 के चुनाव में 17 अप्रैल को मतदान और 16 को परिणाम के बीच 29 दिनों का अंतर और 2009 के लोकसभा चुनाव में 16 अप्रैल को मतदान और 16 मई को मतगणना के बीच तीस 30 दिनों का अंतर रहा था।



### कौन कहां से करेंगे लीड

पूरे प्रदेशभर में राजनांदगांव लोकसभा सीट पर मतदान के बाद हार और जीत को लेकर मंथन के साथ ही कयास लगाए जाने का दौर शुरू हो गया है। राजनैतिक दलों के अलावा विश्लेषकों द्वारा मतदान प्रतिशत और चुनाव प्रचार को आधार मानकर जीत-हार के समीकरण तय किए जा रहे हैं। आम मतदाता भी चौक-चौराहों में चुनाव में जीत-हार की चर्चा करने में लगे हुए हैं।

## लोकसभा क्षेत्र में 77.42 फीसदी मतदान, पांच विस में पुरूषों ने अधिक डाला मत

# मतदान में महिलाओं से आगे रहे पुरुष पिछले चुनाव से 1.27% अधिक वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव लोकसभा को लेकर शुक्रवार को मतदान की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। गर्मी के दिनों के बावजूद इस चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुराने सभी रिकार्ड ध्वस्त करते 77.42 फीसदी मतदान कर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। इससे पहले इतना मतदान राजनांदगांव लोकसभा के किसी भी चुनाव में नहीं दर्ज किया गया था। हालांकि मतदान करने के मामले में लोकसभा क्षेत्र के पुरूष मतदाता महिला वोटरों से आगे रहे।

जहां 78.44 फीसदी पुरूष मतदाताओं ने वोट डाला। वहीं 76.41 फीसदी महिलाओं ने ही मतदान किया। जबकि कुल मतदाताओं में महिलाओं की संख्या पुरूष से अधिक है। वहीं पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार करीबन 1.27 फीसदी अधिक मतदान देखने को मिला है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में 76.15 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया था।

उल्लेखनीय है कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस का प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से ही यह सीट हाइप्रोफाइल बन गई थी। यही कारण था कि प्रदेश के साथ ही देशभर की नजरें भी इस सीट पर हुए मतदान को लेकर बनी हुई थी। तेज धूप, ढ़ेरों शादियों को देखते हुए ऐसा माना जा रहा था कि मतदान का प्रतिशत इस बार घट सकता है, लेकिन इन सब कयासों के पार जाकर मतदाताओं ने जमकर मतदान किया। सुबह से ही सभी मतदान केंद्रों में कतारें देखने को मिली। देर शाम तक मतदान करने लोग पहुंचते रहे। यही कारण है कि केवल कवर्धा को छोड़कर बाकी सभी सात विधानसभा सीट में पिछले 2019 के चुनाव के मुकाबले मतदान प्रतिशत बढ़ा है।

## कुल 1868021 मतदाता में 1446247 ने सांसद चुनने किया मतदान

### राजनांदगांव शहर से ज्यादा गांवों में वोटिंग

*पिछले लोकसभा चुनाव में संसदीय क्षेत्र में भाजपा को सर्वाधिक लीड दिलाने वाले राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में इस बार 77.20 फीसदी मतदान हुआ है। जिसमें राजनांदगांव नगर निगम में जहां 72.87 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। वहीं ग्रामीण इलाकों के बूथों में 84 फीसदी वोट पड़े हैं।*



### विस के मुकाबले सभी विस में कम मतदान

भले ही लोकसभा चुनाव के इतिहास में राजनांदगांव सीट पर इस चुनाव में सर्वाधिक मतदान दर्ज किया गया हो, लेकिन छह महीने पहले प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के सामने मतदान प्रतिशत पीछे रह गया है। 2023 विधानसभा चुनाव में जहां पंडरिया में 75.67% मतदान हुआ था। लोकसभा 2024 में यहां 71.97% मतदान हुआ है। ऐसे ही कवर्धा में 81.86 % के मुकाबले अभी 75.83 %, खैरागढ़ में 82.88 के मुकाबले 78.04, डोंगरगढ़ में 82.34 के मुकाबले 79.41, राजनांदगांव में 79.60 के मुकाबले 77.20, डोंगरगांव में 84.55 के मुकाबले 82.36, खुज्जी में 82.97 के मुकाबले 81.76 और मोहला-मानपुर विस में 79.08 मतदान के मुकाबले लोकसभा चुनाव में 77.09 % मतदान हुआ है।

### मतदान पेटियां 4 जिलों में सुरक्षित


लोकसभा चुनाव का मतदान पूरा होने के बाद देर शाम तक सभी मतदान दलों ने ईवीएम को भी स्ट्रांग रूम में जमा करा दिया है। प्रत्याशियों के एजेंट के सामने निर्वाचन विभाग ने ईवीएम को जमा कर रूम को बंद कर दिया है। राजनांदगांव जिले में राजनांदगांव, खुज्जी, डोंगरगांव और डोंगरगढ़ विस के बूथों की ईवीएम रखी गई है। ऐसे ही कवर्धा में कवर्धा और पंडरिया विस के ईवीएम, खैरागढ़ में खैरागढ़ विस और मोहला-मानपुर जिले में मोहला-मानपुर विस के ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। अब चार जून को मतगणना के दिन इसे निकाला जाएगा।

### डोंगरगांव सबसे आगे, पंडरिया पीछे

मतदान करने के मामले में लोकसभा क्षेत्र का डोंगरगांव विधानसभा सबसे आगे रहा है। डोंगरगांव विस में कुल 82.36 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। वहीं सबसे कम मतदान पंडरिया विस में हुआ, जहां 71.97 फीसदी मतदाता ही वोट डालने पहुंचे। ऐसे ही कवर्धा विस में 75.83 फीसदी, खैरागढ़ विस में 78.04, डोंगरगढ़ में 79.41, राजनांदगांव विस में 77.20, खुज्जी में 81.76 और मोहला-मानपुर विस में 77.09 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। लोकसभा क्षेत्र में कुल 1446247 मतदाताओं ने सांसद चुनने के लिए मतदान किया है।

## शनिवार को 43 डिग्री तापमान के साथ डोंगरगढ़ प्रदेश में सबसे गर्म

# बदलेगा मौसम! दो दिनों में 3 डिग्री लुढ़केगा पारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगला की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं के चलते प्रदेश में एक बार फिर मौसम बदलने के आसार हैं। कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम में बदलाव का असर तापमान में भी देखने को मिलेगा। अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री तक लुढ़क सकता है। इधर शनिवार को गर्मी का कहर देखने को मिला। अंचल में अधिकतम पारा 42 डिग्री के करीब पहुंच गया है। वहीं 42.3 डिग्री तापमान के साथ डोंगरगढ़ शहर प्रदेश में सबसे गर्म रहा। इधर मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य अफगानिस्तान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके साथ एक द्रोणिका ऊपरी हवा में 7.6 किलोमीटर ऊंचाई पर 64 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से उत्तर तमिलनाडु तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन लगातार जारी है। जिसके चलते कल रविवार को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की भी संभावना है। मौसम बदलने से कुछ जिलों में अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है।

## माए एंगल




# अब गोंदिया से चलेंगी दो समर स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे द्वारा ग्रीष्म ऋतु में यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग-छपरा एवं दुर्ग-पटना के मध्य गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते दो समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग-छपरा-दुर्ग एवं दुर्ग-पाटन–दुर्ग के मध्य चलाई जा रही है। नागपुर मंडल में रेल यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते इन दोनों समर स्पेशल गाड़ियों को गोंदिया तक विस्तार किया गया है।

08795 गोंदिया-छपरा समर स्पेशल गोंदिया से 06, 13 एवं 20 मई 2024 तथा 08796 छपरा-गोंदिया समर स्पेशल छपरा से 07, 14 एवं 21 मई को छुटेगी। यट ट्रेन पहले दुर्ग से रवाना होती थी, लेकिन अब इसे गोंदिया से रवाना किए जाने से डोंगरगढ़ और राजनांदगांव के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। दोनों ट्रेनों का स्टापेज डोंगरगढ़ और राजनांदगांव दिया गया है।

### बिलासपुर एवं यशवंतपुर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा

रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते रेलवे प्रशासन द्वारा एक समर स्पेशल ट्रेन 08291/ 08292 बिलासपुर-यशवंतपुर-बिलासपुर समर स्पेशल ट्रेन बिलासपुर एवं यशवंतपुर के मध्य 9 फेरों के लिए चलाई जाएगी। यह गाड़ी बिलासपुर से प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को ट्रेन नंबर 08291 बिलासपुर-यशवंतपुर समर स्पेशल ट्रेन 30 अप्रैल से 28 मई तक तथा इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी यशवंतपुर से प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को ट्रेन नंबर 08292 यशवंतपुर-बिलासपुर समर स्पेशल ट्रेन 02 से 30 मई तक चलेगी। इस ट्रेन का स्टापेज राजनांदगांव स्टेशन में दिया गया है।

# शादियों पर लगा ब्रेक, अब दो महीने बाद मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अप्रैल माह के आखिरी मुहूर्त में भी बड़ी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रमों की धूम रही। अब दो माह बाद मुहूर्त होने से जुलाई में पुनः वैवाहिक मुहूर्त शुरू होंगे।

ज्ञात हो कि अप्रैल माह में लगातार वैवाहिक मुहूर्तों के चलते शहर सहित ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक कार्यक्रमों की धूम रही। विशेषकर 26 अप्रैल को आखिरी मुहूर्त होने पर बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन हुए। हालांकि इस मुहूर्त के बाद भी आसपास के दिनों को बेहतर मुहूर्त मानते हुए लोग वैवाहिक आयोजन कर रहे हैं। अप्रैल माह में वैवाहिक आयोजनों के चलते लोगों का आवागमन लगातार बना हुआ था। जिससे यात्री वाहनों में सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ की स्थिति निर्मित रही। वहीं बाजार में भी वैवाहिक आयोजनों से संबंधित खरीदी करने लोगों की सुबह से देर शाम उपस्थिति रही। वहीं बाजार में रौनक बनी हुई है। वैवाहिक कार्यक्रमों से जुड़े व्यवसायियों की भी इन दिनों व्यस्तता रही। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में बाजार में बर्तन, आभूषण, कपड़े, फर्नीचर, इलेक्टानिक्स सहित अन्य दुकानों में बेहतर ग्राहकी बनी रही।



### अक्षय तृतीया में होंगे विवाह

इय बीच मई माह में भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया को भी महामुहूर्त माना जाता है। इस मुहूर्त पर भी बड़ी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित होने की संभावना जताई जा रही है। अक्षय तृतीय पर्व पर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक रूप से वैवाहिक आयोजन किए जाते हैं। इस मुहूर्त को अबूझ मुहूर्त माना गया है।

### जुलाई में फिर शुरू होंगे मुहूर्त

पंडितों के अनुसार अब उत्तम वैवाहिक मुहूर्तों के लिए दो माह का इंतजार करना पड़ेगा। मई और जून माह में वैवाहिक मुहूर्त नहीं है। जुलाई माह में वैवाहिक मुहूर्त पुनः शुरू होंगे। पंचाग के अनुसार जुलाई माह में 9, 11, 12, 13, 15 तारीख को है। इस दौरान बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होंगे। खासकर ग्रामीण इलाकों में गर्मी के मौसम में ही कृषि कार्य न होने से वैवाहिक आयोजन किए जाते हैं। लिहाजा ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में विवाह कार्यक्रम होने की संभावना जताई जा रही है।

# चोरी करने देर रात बैंक में घुसे चोर, नहीं खोल पाए लॉकर, दो रायफल व कारतूस लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भारतीय स्टेट बैंक में गत रात्रि अज्ञात चोर बैंक के मुख्य द्वार को तोड़कर भीतर प्रवेश किए। वे लॉकर खोलने में असफल रहे, लेकिन बैंक में रखे दो रायफल एवं कारतूस को लेकर फरार हो गए। इस घटना की रिपोर्ट बैंक प्रबंधक ने थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक में 24 एवं 25 अप्रैल की रात को चोरों ने बैंक के मुख्य द्वार को तोड़कर अंदर घुसने में सफलता तो हासिल कर ली, किन्तु वे बैंक लॉकर को खोलने में असफल रहे। चोरों ने बैंक में रखी दो 12 बोर की रायफल और कुछ कारतूस कीमत लगभग पौने दो लाख रुपए को अपने साथ ले गए। सुबह इसकी जानकारी होने के बाद बैंक मैनेजर सत्येन्द्र सिंह ने इस मामले की रिपोर्ट थाना में की है।

उन्होंने बताया कि चारों की तरफ नाकेबंदी चुनाव के पहले थी। उनका मानना है कि उक्त घटना को स्थानीय स्तर पर ही करने का प्रयास किया गया है और जल्द ही वे पकड़े भी जाएंगे। इधर स्टेट बैंक में चोरी की दरमियान रात को सुरक्षाकर्मी भी नहीं होना बताया जा रहा है। देखा जाए तो इस पूरे मामले में स्टेट बैंक के प्रबंधक की मुख्य रूप से लापरवाही भी सामने आई है। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।




### लॉकर तोड़ने का प्रयास

बताया जा रहा है कि बैंक के अंदर चोरों ने कुछ लोहे के राड़नुमा औजार भी छोड़ा है। इस पूरे मामले में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम ने बताया कि लॉकर तोड़ने का प्रयास चोरों द्वारा किया गया है। बैंक से चोरी किए गए रायफल के रिनैवल संबंधित थाना में किसी प्रकार के कागज पत्र नहीं है, न ही बैंक के पास कोई दस्तावेज मिले है, किंतु बैंक मैनेजर की शिकायत के आधार पर आपराधिक मामला दर्ज करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज में मिले सबूत के आधार पर अज्ञात चोरों की पतासाजी तेज कर दी गई है।

### शहर में सनसनी

पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते बैंक के अलावा आसपास के घरों के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुट गई है। जैसे ही इस घटना की जानकारी 25 अप्रैल को सुबह शहर में फैली, शहर में उक्त घटना के बाद सनसनी फैल गई। हालांकि पुलिस ने दो दिन तक इस मामले को मीडिया के संज्ञान में भी नहीं लाया, जो पुलिस प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है। एक तरफ 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के तहत शहर के सभी मार्गों में तगड़ी नाकेबंदी के बावजूद शहर के भारतीय स्टेट बैंक में हुई घटना और बैंक में सुरक्षाकर्मी की अनुपस्थिति व बैंक प्रबंधन की लापरवाही भी प्रमुख रूप से सामने लाती है।






### मतदाताओं पर पुष्प वर्षा



**छुईखदान।** नगर के बूथ क्रमांक 151, 152 में मतदाताओं को पुष्प गुच्छ भेंटकर नगर पंचायत के कर्मचारियों ने पुष्प वर्षा किया। मतदान केन्द्र में स्वागत से मतदाता काफी खुश नजर आए।







### बघेल ने बढ़ाया हौसला



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने शहर के पोलिंग बूथ में पंहुचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

### वयोवृद्ध पहुंचा वोट डालने



**जेवरतला रोड।** भरदा ट निवासी और 95 वर्षीय कार्तिकराम निर्मलकर ने पैदल मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला।

### दादी भी पीछे नहीं



**छुरिया।** भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पटेल की दादी जिनकी उम्र 106 वर्ष है ने लोकतंत्र में अपनी सहभागिता निभाते हुए बैगर व्हील चेयर के मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। नगर में एक दुल्हन ने बारात आने के पहले स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार दीवानटोला में शादी होने के बाद दूल्हा- दुल्हन ने मतदान किया।



# लोकतंत्र के महासमर में सहभागी बने मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र में में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ। जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक मतदान किया। बुजुर्ग, महिला, युवा, दिव्यांग मतदाताओं ने कतार में खड़े होकर मतदान किया। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के प्रति काफी रुझान देखने मिला वही वनांचल क्षेत्र में भी मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह का मंजर देखने को मिला।

मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए बनाए गए आदर्श मतदान केंद्र, महिला मतदान केंद्र, संगवारी मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्र में मतदान के प्रति एक अदभूत दृश्य देखने मिला। बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाया।



### वृद्ध ने किया मतदान

मानपुर विकासखंड की 65 वर्षीय वृद्ध राजो बाई ने मतदान कर सेल्फी में जोन में जाकर फोटो खिंचवाया। उन्होंने मतदान करने के उपरांत कहा कि वोट देना हमारा अधिकार है। वोट करने से सरकार बनती है।

### कलेक्टर ने किया मतदान

कलेक्टर एस जयवर्धन ने बाजार चौक स्थित प्राथमिक शाला मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, एसडीएम डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, तहसीलदार संध्या नामदेव ने भी मतदान किया।

### बारात जाने के पहले दूल्हे ने किया मतदान



**मोहला।** औंधी क्षेत्र के ग्राम नेवरगांव के मेघनाथ निर्मलकर ने अपनी शादी के दिन बारात जाने से पहले एक जागरूक मतदाता होने का फर्ज निभाया और बूथ क्रमांक 229 बोडेगांव में वोट डाल कर बारात में रवाना हुए। इसी प्रकार गुहाटोला निवासी गणेश ने भी अपनी शादी के दिन अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए बारात जाने से पहले मतदान किया।

### दिव्यांग ने किया मतदान

**मोहला।** जिले में दिव्यांग मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक मतदान किया। लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र में उपलब्ध व्हीलचेयर में बैठाकर मतदान केन्द्र तक पहुंचा कर मतदान कराया गया।

### मतदान दल सकुशल वापस

विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर व खुज्जी के मतदान केन्द्र में मतदान होने के बाद मतदान दल सकुशल वापस लौट आया। विधिवत सामग्री को निर्धारित शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय में जमा किया गया।

### गांवों में जमकर हुआ मतदान



**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण तरीके से हुआ। प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था के चलते समय से पहले बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। क्षेत्र के लगभग सभी बूथ में शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई थी। चकनार में 83 फिसली वोट डाले गए। यहां 1631 मतदाताओं में 1359 ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केन्द्र 120 सड़क अतरिया के 1160 में 908 ने मतदान किया। यहां मतदान 78 प्रतिशत हुआ। इसी प्रकार बगदूर में 86, ओटेबंद में 85, गुमानपुर में 82, भर्दागोंड में 80 तथा कुकुरमुड़ा, झुरानदी, जोम में 78 प्रतिशत मतदान हुआ। क्षेत्र के लगभग सभी मतदान केन्द्रों में पुरुषो की अपेक्षा महिला वोटरों ने जमकर मतदान किया। वही बुजुर्ग, वृद्ध महिला भी पीछे नहीं रहे। युवाओं में भी मतदान को लेकर उत्साह बना रहा। वैवाहिक आयोजन के बीच लोगों ने समय निकालकर मतदान किया।

### दलों के अपने दावे

रिकार्ड मतदान को लेकर मैदान में उतरे राजनीतिक दल अपना अपना दावा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में 15 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे थे। मुकाबला भाजपा एवं कांग्रेस के बीच था। दोनों दलों ने अपनी जीत के लिए महिला मतदाताओं पर नजर रखा। कोई कह रहा है कि मोदी की गारंटी के चलते रिकार्ड मतदान हुआ है तो कोई न्याय योजना को वजह बता रहा है।

### सभी बूथ पर पहुंचे दूल्हा राजा

लोकसभा चुनाव के दिन ज्यादातर गांव में वैवाहिक आयोजन थे। कुकुरमुड़ा, चकनार, सड़क अतरिया, दौजरी, संड़ी सहित अन्य केन्द्र में दूल्हा राजा भी मतदान केन्द्र पहुंचे और मतदान करने के बाद बारात के साथ रवाना हुए।

## मतदान से भाजपा में उत्साह

**डोंगरगढ़।** झुलसा देने वाली गरमी के बीच इस विधानसभा क्षेत्र में रिकार्ड 80 प्रतिशत मतदान

हुआ है। मतदान के बाद भाजपा खेमा ने इस अपने पक्ष में होना मानकर जश्न मनाया। शुक्रवार को सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक मतदान केन्द्र खाली खाली दिखाई दे रहे थे। दोपहर दो बजे के बाद मतदान केन्द्रों में मतदाताओं का हुजुम उमड़ पड़ा और देखते ही देखते मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत तक पहुंच गया। निर्धारित समय तक बूथ में पहुंचे मतदाताओं को मतदान करने का मौका दिया गया और मतदान रात सात बजे तक जारी रहा। विधानसभा क्षेत्र के 270 बूथों में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की जानकारी मिलते ही भाजपा खेमा में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे की जीत का जश्न मनाते दिखाई दिए। भाजपा के लोगों का कहना है कि क्षेत्र की जनता ने नरेन्द्र मोदी के नाम और महिलाओं ने भाजपा पर विश्वास जताते हुए मतदान



## सात फेरे लेने के पहले दुल्हन पहुंची वोट देने



**चिचोला।** शादियों का सीजन होने के बाद चुनाव को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। ग्राम रंगीटोला बूथ क्रमांक 18 दुल्हन बनी केसर सिन्हा बरात आने से पहले वोट देने पहुंची। यहां विकलांग व बुजुर्गों ने व्हील चेयर के सहारे पहुंचकर मतदान किया। मतदान शुरू होने के पहले शीला सिन्हा , सुनीता सिन्हा ने मतदाताओं की आरती कर तिलक लगाया। प्रथम वोट भगवती सिन्हा ने डाला। लोगों को लुभाने के लिए मतदान केंद्र को गुब्बारों से सजाया गया था।

## बूथ में दिखी बस्तर की झलक



**खुज्जी।** चॉक-चौबंद व्यवस्था के बीच अंचल में लोकसभा का चुनाव 26 अप्रेल को संपन्न हुआ।

महिला एवं पुरुष मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विभिन्न मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाकर आकर्षक तरीके से सजाया गया था। ग्राम के संगवारी मतदान केंद्र क्रमांक 225 प्राथमिक शाला भवन को भी आदर्श मतदान केंद्र बनाकर,छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं बस्तर की सँस्कृति को रेखाकिंत किया गया था। मतदाताओं को धूप से बचाने डारा पाना का मंडप बनाकर उसमें पर्रा झांपी लगाया गया।यहां निर्मित सेल्फी जोन, प्याऊ घर, मसरूम उत्पादन की झांकी चर्चा का विषय रही।

## जन्म कल्याणक पर नाटक का प्रभावी मंचन

**डोंगरगांव।** जैनधर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक नगर में सकल श्रीसंघ ने धूमधाम के साथ मनाया। जयंती की पूर्व संध्या को जयकारा के बीच मोटरसायकल रैली निकाली गई। सुबह प्रभातफेरी निकालने के उपरांत भव्य जुलुस निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चों शामिल हुए। रात्रि में श्री पार्श्वमंडल ने जम्बु स्वामी के जीवन चरित्र पर नाटिका का प्रदर्शन प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी सांस्कृतिक भवन में किया। जन्म कल्याणक महोत्सव के मौके पर सुबह दिगम्बर जैन मंदिर एवं श्री शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में पूजा हुई।

### नाटक में दिखा जीवन चरित्र

रात्रि में श्री पार्श्वमंडल ने जम्बुस्वामी के जीवन चारित्र पर नाटिका का प्रदर्शन किया। जम्बु स्वामी सुधर्मा स्वामी के शिष्य जिन्होनें 39 वर्षो तक जैन धर्म की आचार्य परम्परा का निर्वहन किया। आठ रानियों के साथ शादी करने दूसरे ही दिन सबके साथ दीक्षा ग्रहण कर लिया था। प्रभव चोर और उनके साथी सहित 500 चोर जम्बु के माता- पिता, सास -ससुर सभी 527 ने दीक्षा ग्रहण किया। नाटिका में भूमिका निभाने वाले प्रतिभागियों को श्री पार्श्व मंडल ने मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। इस नाटक में ऋषम बोहरा, शीतल लोढा, सुचि लोढ़ा, राधा बोहरा, निधि बोहरा, रश्मि लोढा, मेघा नाहटा, तमन्ना बोहरा, शिल्पा गोलछा, रविना बोहरा, नीरू डागा ने अभिनय किया। रोशन बोहरा, रमन नाहटा, पिंकी लोढा, शोभा लोढा, मेघा लोढ़ा, श्वेता लोढ़ा, सुनिता नखत, सोनल बोथरा, ममता श्रीश्रीमाल, श्रेया नाहटा, श्रेय कोचर, सुपार्श्व लोढा, सचिन लोढ़ा ने भी प्रभावी भूमिका निभाया। संचालन प्रेमलता नाहटा ने किया।

# खेतों तक जाने पुल निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

सलोनी क़े किसानों ने निर्माणाधीन नहर लाइनिंग से खेतौं तक जाने क़े लिए पुल निर्माण की मांग अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन देकर किया है। आवेदन में गुणवत्ताहीन कार्य होने का जिक्र किया गया है।

ग्राम के नरेंद्र कुमार साहू, चुम्मन साहू, खोमलाल पाल, तीजू यादव, फकीर साहू, लीलदास साहू, घनश्याम साहू, रतन यादव, कन्हैया यादव, कपूर वर्मा आदि ने मांग पूरी नहीं होने पऱ आंदोलन करने का उल्लेख किया है। जानकारी के अनुसार रुसे बांध से किसानों क़े खेतौं तक पानी पहुंचाने क़े लिए 13 करोड़ की लागत से 16 किलो मीटर लाइनिंग का कार्य जारी है। रुसे से बाटगांव तक 15 किलोमीटर तक लाइनिंग कार्य पूर्व में पूर्ण हो गया है।



### एक को लाभ पहुंचाने पुल निर्माण

सलोनी क़े कृषकों ने बताया कि खेतौं तक पहुंचने क़े लिए जहां पुल की आवश्यकता है वहाँ निर्माण नहीं कर एक किसान से सांठ गांठ कर पुल बनाया जा रहा है जिससे अन्य किसान खेतो तक पहुंचने की सुविधा से वंचित हो जाएंगे। इस संबंध में विभाग क़े ईई मनोज कुमार पराते क़ो जानकारी दी गई है किन्तु अब तक किसानों के पक्ष में कोई फैसला नहीं मिला है।

### कार्य से किसान असंतुष्ट

वर्तमान में बाटगांव से छोटे बिरेझर तक नहर लाइनिंग कार्य किया जा रहा है जिससे किसान असंतुष्ट है। ग्रामीणों ने गुणवत्ताहीन कार्य होने की शिकायत की है। पूर्व सरपंच केशव जंघेल कांग्रेस के जिला महासचिव नवीन लूनिया, किसान नेता दीपक वर्मा, विशाल पटेल ने बताया बाटगांव से बिरेझर तक नहर लाइनिंग के कार्य में जमकर गड़बड़ी किया जा रहा है। कार्य की अधिकारी मानिटरिंग नहीं कर रहे है। कार्य स्थल पऱ ना तो टाइम कीपर रहता है और न सब इंजीनियर रहता है। लाइनिंग कार्य गेंगमेन क़े भरोसे चल रहा है।

### समस्या से कराया अवगत

**डोंगरगढ़।** ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा से मिलकर घोटिया के वार्ड 7 के ग्रामीणों ने अपनी समस्या से अवगत कराया। ग्राम के मोहित नेताम ने बताया कि हैंडपंप पिछले तीन दिनों से खराब है । मेन रोड के पास स्थित हैंडपंप का केसिंग पाइप जर्जर हो चुका है। सीमेंट की घेरा जर्जर हो चुका है। श्री सिन्हा ने ग्रामीणों की शिकायत सुनने के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पहुंच कर तत्काल निराकरण कराने कहा। इस अवसर पर नेतराम साहू, दिनेतू प्रकाश जांगड़े आदि मौजूद थे।

## चुनाव प्रचार के दौरान अभद्र व्यवहार, तीन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

चुनाव प्रचार करने के दौरान एक व्यक्ति से अभद्र व्यवहार करने के तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 23 अप्रैल को लोकसभा चुनाव-2024 के चुनाव प्रचार एवं जनजंपर्क अभियान के दौरान पवन जैन के साथ ग्राम डुंडेरा के नरेन्द्र वर्मा, भूखन वर्मा एवं नंदकिशोर कंवर द्वारा रास्ता रोकर अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी नरेन्द्र वर्मा व भूखन वर्मा को गिरफ्तार कर जमानत पर छोड़ा गया एवं पुनः चुनाव में शांति भंग एवं संज्ञेय अपराध की घटना घटित करने के अंदेशा पर विधिवत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## उल्लास के साथ मनाया गया हनुमान प्रकटोत्सव



**घोंघीडबरी।** खैरागढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत घोघिडबरी स्थित हनुमान मंदिर में जय हनुमान भक्त समिति ने भगवान महावीर का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समिति द्वारा ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद कतार बद्ध गांव का भ्रमण किया। गांव के चौक चौराहों से होते हुए कलश यात्रा वापस मंदिर पहुंची।यहां पूजा अर्चना किया गया। मंदिर प्रांगण में समिति के सदस्यों सहित भक्तों ने सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ कर हवन पूजन किया गया। भोजन भंडारा का आयोजन किया गया।

## हास्पिटल में बढ़े 50 प्रतिशत मरीज

**गंडई।** एक पखवाड़े से मौसम में उतार चढ़ाव देखा जा रहा है। कभी बदली,कभी बारिश तो कभी तेज धूप से बच्चों सहित बड़ो को शारीरिक तकलीफ होने लगी है। सर्दी, खासी, बुखार, सिरदर्द, लू एवं उल्टी दस्त की शिकायत देखा जा रहा है जिससे हास्पिटल में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। पहले दिन भर में 100 मरीज आते थे जो अब 150 से अधिक मरीज हास्पिटल पहुंच रहे है जिसमे मौसम में उतार चढ़ाव के कारण उल्टी,दस्त, लू सहित सर्दी खासी के मरीज शामिल है। सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र में पदस्थ आरएमए प्रशांत सोनी ने बताया कि मौसम में परिवर्तन एवं शादियों के सीजन के चलते 50 प्रतिशत मरीजों



### मालवाहक बने बराती वाहन



**गंडई पंडरिया।** शादियों के सीजन चलते सड़कों पर गाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित होने लगी। गंडई थाना के सामने ही लगातार बड़ी छोटी गाड़ियों की आवाजाही से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। थाना के सामने से मालवाहक गाड़ियों में खचाखच भरकर बरातियों को ले जाया जा रहा है। इस मामले पर जानकारी लेने थाना प्रभारी से जब संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने काल रिसीव नहीं किया।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉंसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयां कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल में निशुल्क कैंसर जांच शिविर आज

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर के साथ मिलकर महाराष्ट्र मंडल रविवार को चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में सुबह 10 बजे से निशुल्क कैंसर जांच व परामर्श शिविर लगाने जा रहा है। यहां कोई भी व्यक्ति अपने पूरे शरीर की जांच करा सकते हैं और विशेषज्ञ डॉ. नुपूर मिश्रा से परामर्श लेकर अपना इलाज सही समय पर शुरू करा सकते हैं।

### मंडल वाणिज्य प्रबंधक बने राकेश सिंह

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह को बनाया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर और रायपुर मंडलों में अनेक पद पर सेवाएं दे चुके हैं। पूर्व में राकेश सिंह रायपुर मंडल में सहायक परिचालन प्रबंधक, एरिया मैनेजर- भिलाई एवं स्टेशन डायरेक्टर रायपुर के पदों पर कार्यरत थे। बिलासपुर रेल मंडल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक बिलासपुर के पद पर कार्य कर चुके हैं। स्टेशन में लगभग 3 सालों से डीसीएम पद खाली था।

### पीएससी की सीबीआई जांच से मिलेगा न्याय

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नवगठित सरकार ने भी पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी और युवाओं की शिकायत के मद्देनजर 3 जनवरी 2024 कैबिनेट बैठक में इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया था। राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद केन्द्र सरकार ने जांच के लिए अधिसूचना जारी कर यह मामला अब सीबीआई के सुपुर्द कर दिया है। इस जांच से युवाओं को न्याय मिलेगा। श्री चौधरी ने कहा, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार के समय छत्तीसगढ़ में जो नौकरियां पीएससी में निकलती थी, उसके लिए कांग्रेसियों ने मंडी सजाई थी। भारतीय जनता पार्टी ने पीएससी भर्ती परीक्षा में धोखा खाने वाले युवाओं को न्याय दिलाने के लिए सदन से लेकर सड़कों तक लड़ाई लड़ी थी। अब इस मामले सीबीआई जांच से दूध का दूध पानी का पानी होगा।

### आचार संहिता में मेला, निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय बसस्टैंड के पास रावणभाठा दशहरा-खेल मैदान में 24 अप्रैल से मेले का आयोजन किया जा रहा है। आचार संहिता के दौरान इस मेले को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शिकायत की गई है। तीसरे चरण में रायपुर में भी 7 मई को मतदान होना है। सूत्रों के अनुसार यह शिकायत भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने की है। इस शिकायत में आपत्ति के पीछे तर्क दिया गया है कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है और तीसरे चरण में रायपुर में भी 7 मई को मतदान होना है। चुनाव के दौरान आसपास के जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों की सभाएं इस मैदान में आयोजित की जाती रही हैं। यहां बसस्टैंड होने के कारण पहले ही मैदान के आसपास भीड़ की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में मैदान में मेले का आयोजन से रावणभाठा के आसपास मार्ग पर जाम लगना तय है। मोर्चा ने मेला आयोजन की अनुमति निरस्त कर व्यवस्था दूरस्त करने की मांग की है। विदित हो कि इससे पूर्व गास मेमोरियल मैदान पर भी इसी तरह की शिकायत आई थी, जिसके बाद उक्त मैदान में आयोजन पर दी गई अनुमति निरस्त कर दी गई है।

### वाट्सअप से डीपी हटाया तो मनचले युवकों ने पिता पर किया हमला

**भिलाई।** मनचले युवकों ने प्राणघातक हमला कर फरार होने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 33 हुडको क्वाटर बैकुंठधाम निवासी जयप्रकाश चौहान ने रोजी मजदूरी का काम करता है। कुछ युवक उसकी बेटी के साथ काफी समय से छेड़छाड़ करते आ रहे हैं। बुधवार की शाम को युवक उसकी बेटी का फोटो मोबाइल में एक दूसरे को दिखा रहे थे। पिता ने युवकों को जमकर फटकार लगाई। इसके बाद पिता घर गया और बेटी के वॉट्सऐप की डीपी से फोटो हटा दिया। युवकों को फटकार लगाते हुए ऐसा न करने की हिदायत दी। साथ ही कहा कि मोबाइल से उसकी बेटी की फोटो को हटा दो।

# मरीजों के भटकते परिजनों को मिल रहा 'दाई कोरा' का सहारा

## कुल 16 बेड की क्षमता, रात बिताने सस्ते में मिल रहा सुरक्षित ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूरवर्ती जिलों से इलाज के लिए डीके और आंबेडकर अस्पताल आने वाले लोगों को रात बिताने दाई कोरा का सुरक्षित सहारा मिल रहा है। कुल 16 बेड की क्षमता वाले इस अस्थायी ठिकाने में रहकर सैकड़ों लोग इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। दाईकोरा का संचालन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। दाई कोरा में शुरुआती दौर में कुल दस बेड रखे थे, मगर बेहतर रिस्पांस मिलने पर यहां बिस्तरों की क्षमता बढ़ाकर 16 कर दी गई है। यहां डीके के साथ आंबेडकर अस्पताल से आने वाले मरीज के परिजन सुकून और सुरक्षित तरीके से साथ रात बिता पा रहे हैं। नाममात्र शुल्क में लोगों को कुछ दस्तावेज उपलब्ध कराने पर यह सुविधा आसानी से मिल रही है। दाई कोरा में महिला और पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं और उन्हें सुविधा के लिए बिस्तर के साथ आवश्यक सामान रखने के लिए लॉकर की सुविधा चौबीस घंटे उपलब्ध कराई जा रही है। दूर-दराज से इलाज के लिए दो बड़े सरकारी अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी तब और बढ़ जाती है, जब उन्हें विभिन्न तरह की शारीरिक जांच की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए एक- दो दिन यहां रुकना पड़ता है। आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने और अस्पतालों में रात बिताने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने की वजह से उन्हें काफी दिक्कतें होती हैं, ऐसे लोगों के लिए दाई कोरा सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है।

### अस्पताल भवन के ऊपर ठिकाना

डीके अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के दो अटेंडरों के लिए भवन के ऊपरी हिस्से में रहने की व्यवस्था की गई है। अटेंडरों की संख्या जब ज्यादा हो जाती है, तो सुरक्षागत कारणों से उन्हें रोक दिया जाता है। वहीं आंबेडकर अस्पताल में अटेंडरों के लिए सुविधा नहीं है, उन्हें अस्पताल में वार्ड के बाहर बरामदे में अपना वक्त गुजारना पड़ता है।






### दान में मिली राशि

राजधानी में रहने वाले एक परिवार द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सेवा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ी राशि उपलब्ध कराई गई थी। काफी विचार मंथन के बाद जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के पिछले हिस्से में एक भवन का निर्माण कराकर वहां अस्थायी रूप से ठहरने वालों को मूलभूत सुविधा प्रदान की गई। निर्माण के बाद करीब तीन साल पहले दाई कोरा नाम देकर इसका लोकार्पण कराया गया था।

## पहले के बनाये नियमों का पालन नहीं, अब और नया प्रयोग किसलिए

# सदरबाजार, मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव, विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सदर बाजार एवं मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव के विरोध में व्यापारी उतर आए हैं। व्यापारी इस बात को लेकर नाखुश हैं कि यह एरिया एक प्रकार से प्रयोगधर्मी अधिकारियों का ठिकाना बन गया है। पहले जो प्रयोग हुए वह भी जिला प्रशासन व निगम ने ही बनाए थे, लेकिन अपनी ही बनाई व्यवस्था को बनाए रखने में वे असफल रहे। सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था और यह व्यवस्था आज तक निरंतर जारी है, किंतु यातायात पुलिस की उपस्थिति नहीं रहने से यह व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व संगठन स्तर की रैली या जुलूस इस मार्ग से नहीं निकलेगा कहा गया था, यह भी नहीं हो पाया है। व्यापारियों का कहना है, वास्तविकता ये है कि आसपास के मार्गों का यातायात डायवर्ट करने के कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी को पत्र लिखकर इस प्रकार के किसी निर्णय पर रोक लगाने की मांग की है। श्री मालू ने कहा, मालवीय रोड एवं सदर बाजार शहर का हृदय स्थल एवं प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। इस प्रकार के प्रयोग से आम जनता, व्यापारियों एवं अन्य सभी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले जब सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया और नियमित यातायात सिपाहियों की ड्यूटी लगती थी, तब तो कभी भी यहां जाम की स्थिति नहीं बनी। व्यापारी, ग्राहक सभी एक दूसरे को नियमों का पालन करने के लिए सहयोग करते हैं। कुछ निजी पार्किंग भी बन गई है, जहां वाहन पार्क किए जाते हैं। श्री मालू ने बताया, पूर्व में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि जयस्तंभ के सराउंडिंग क्षेत्र जो कि व्यावसायिक क्षेत्र है, इसमें सभी प्रकार के राजनीतिक धार्मिक सामाजिक जुलूसों पर प्रतिबंध रहेगा, किंतु कुछ समय से इसकी अनदेखी जारी है एवं प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी के साथ रायपुर जिलाधीश व रायपुर पुलिस अधीक्षक को संबंधित पत्र की प्रति भेजकर उस प्रस्ताव को लागू नहीं करने की मांग की है।



### मालवीय रोड व्यापारी संघ का भी विरोध

*मालवीय रोड, शारदा चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष तरल मोदी और महामंत्री राजेश वासवानी ने भी प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा, मालवीय रोड सड़क की चौड़ाई सामान्य तौर से भी ज्यादा है। यहां पर ट्रैफिक की व्यवस्था, ऑटो, फुटपाथ पर लगने वाली दुकानें आम, आइसक्रीम के ठेले और जो दुकानदार अपनी सीमा रेखा से बाहर सामान लगाते हैं, उनके कारण समस्या होती है। मालवीय रोड व्यापारी संघ नगर निगम और पुलिस प्रशासन को कई बार आवेदन दे चुका है, इन दुकानदारों पर कार्रवाई करें जो अपना सामान फैलाकर रखते हैं। पिछले चार से पांच सालों में नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है। मालवीय रोड में डिवाइडर बनने के बाद आने और जाने वालों के रास्ते अलग-अलग हैं और कार बैन से कोई फायदा नहीं होने वाला है, उल्टा यहां के व्यापारियों का रोजगार खत्म हो जाएगा।*

# स्वास्थ्य सहायता योजना, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर होगा प्रतिदिन भुगतान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उपचार की लंबित राशि का भुगतान अब फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर किया जाएगा। लगातार उठ रहे नाराजगी के स्वर के बीच भुगतान प्रकरणों पर निजी अस्पताल के प्रतिनिधियों से स्टेट नोडल एजेंसी के अफसरों ने चर्चा की। स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों द्वारा किए गए निशुल्क उपचार की लंबित राशि को लेकर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। इस बीच शुक्रवार को संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्टेट नोडल एजेंसी के सीईओ ऋतुराज रघुवंशी सहित अन्य अधिकारियों ने निजी अस्पताल से जुड़े प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि योजना की प्रक्रिया आसान हो सके इसका ध्यान रखा जा रहा है। मरीजों के क्लेम प्रोसेसिंग रिजेक्शन एवं अन्य तकनीकी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अफसरों ने बताया कि लंबित राशि का भुगतान शीघ्र किए जाने की तैयारी है। इस दौरान क्लेम से संबंधित मामलों का निराकरण जिला और राज्य स्तर की शिकायत निवारण समिति द्वारा निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 50 हजार से 5 लाख तक इलाज

*गरीब और जरूरतमंद लोगों को अच्छे एवं आधुनिक अस्पतालों में ईलाज की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना का संचालन किया जा रहा है। राशन कार्ड की श्रेणी के आधार पर हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड के जरिए हर 50 हजार से 5 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है।*

### 2153 करोड़ का क्लेम


*वर्ष 2023-24 में 2 हजार एक सौ 53 करोड़ रुपए के 15.65 लाख क्लेम के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा उपचार लाभ प्राप्त किया जा चुका है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने हितग्राहियों को यूनिक पंजीयन क्रमांक युक्त एक स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जा रहा है। राज्य के 2.17 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा चुका है। इसमें शासकीय और निजी मिलाकर कुल 1 हजार 5 सौ 79 अस्पताल पंजीकृत हैं।*

# कुम्हारी-सरोना में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग, ज्यादा ट्रेनें चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे ने सिग्नल और दूरसंचार के लिए ऑटो सिग्नलिंग से अधिक ट्रेन चलाने के साथ-साथ प्रमुख जंक्शन स्टेशन के ट्रैफिक को नियंत्रित करने में मदद करता है। पहले जहॉ दो स्टेशनों के बीच एक ही ट्रेन चल सकती थी।

अब ऑटो सिग्नलिंग के द्वारा दो स्टेशन की बीच दूरी के अनुसार 4 ,5 ,6 ट्रेने भी आ सकती है। ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था बिना किसी अतिरिक्त स्टेशनों के निर्माण और रखरखाव के ज्यादा से ज्यादा ट्रेन चलाने की सुविधा देती है। वर्तमान में बिना नई लाईन का निर्माण करे सेक्शन की क्षमता बढाने का यह बेहतर उपाए है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अप्रैल महीने मे ऑटो सिग्नलिंग मे उच्च मापदंड के हर नवीन सोपान को पूरा कर रहा है। जिसमें 14 किलोमीटर आटो सिग्नलिंग काम को पूरा किया है। कुम्हारी से सरोना (7 केमी), बिलासपुर-गतोरा चतुर्थ लाइन (7 केमी) को ऑटो सिग्नल मे बदला गया है। इस कार्य के सम्पन्न होने से नागपुर से सरोना तक ऑटो सिग्नलिंग पुर्ण हो गया है। सरोना से रायपुर भी अगले तीन माह मे पूर्ण कर लिया जाएगा। आने वाले समय में ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे में अधिक मालवाहक ट्रेनों की आवाजाही के कारण देर से चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों पर काफी हद तक विराम लगा सकता है।इस व्यवस्था से एक ब्लॉक सेक्शन में एक से ज्यादा ट्रेनों की आवाजाही तैयार की जा रही है।




■ प्रमुख जक्शन के ट्रैफिक को नियंत्रित भी करेगा

# शोभायात्रा में विवाद, अखाड़े में बुलाकर एक गुट के लड़कों के साथ चाकू-डंडे से हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में शोभायात्रा के विवाद पर एक गुट ने दूसरे गुट के लड़कों को चुनौती देकर बैजनाथपारा अखाड़ा में बुलाकर जमकर मारपीट की। मारपीट में दो से तीन लड़कों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के मुताबिक नागेश्वर यादव की शिकायत पर साहिल, अशरफ, इमरान तथा गोलू को गिरफ्तार किया गया है। नागेश्वर ने पुलिस को बताया है कि राम मंदिर के पास उनकी चाय-नाश्ते की दुकान है। रामनवमी शोभायात्रा के दौरान उसका कुछ लड़कों के साथ विवाद हो गया। इसके बाद 25 अप्रैल को साहिल ने नागेश्वर के एक दोस्त को कॉल किया। साहिल ने नागेश्वर के दोस्त को धमकी भरे अंदाज में कहा कि तुम लोग बड़े तेज बनते हो, दम है तो बैजनाथपारा अखाड़ा में आकर दिखाओ। इसके बाद नागेश्वर अपने दोस्त संकेत टांडी, मनोहर सिंह तथा अजीत फूंडे के साथ अखाड़ा पहुंचा।



■ घटना के दूसरे दिन पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया

### अखाड़े में चाकू के साथ जमकर डंडे चले

*नागेश्वर ने पुलिस को बताया कि अखाड़ा में बुलाने के बाद साहिल ने अपने अन्य साथियों के साथ उन लोगों के साथ विवाद किया। इसी दौरान साहिल तथा उसके दोस्तों ने उन लोगों को डंडे से पीटने के साथ चाकू से हमला किया। मारपीट की घटना में नागेश्वर तथा उसके साथियों को गंभीर चोटें आई हैं।*

### ब्लास्ट से घायल श्रमिकों का हालचाल जानने पहुंचे राजस्व मंत्री वर्मा

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को राजधानी के नारायणा अस्पताल पहुंचकर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के रवान स्थित अम्बुजा सीमेंट प्लांट के माइंस में सिलेंडर फटने से घायल श्रमिकों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। आज सुबह अंबुजा सीमेंट संयंत्र के माइंस वर्कशॉप में लाइमस्टोन डम्पर रियर सस्पेंसन में काम करते समय ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट से छह लोग झुलसे। इन सभी को इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है। मंत्री श्री वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायल श्रमिकों राकेश कुमार वर्मा, घमंड ठाकुर शंकर गावडा, सतीश पोटपोड़े, शाहिद शेख और नरेश स्वैन से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को श्रमिकों के बेहतर इलाज के लिए कहा।

### आरबीआई ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक को लगाया एक लाख का जुर्माना

**रायपुर।** भारतीय रिज़र्व बैंक ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, बिलासपुर पर नियमों का पालन न करने पर एक लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। आरबीआई के मुताबिक बैंक का वैधानिक निरीक्षण आरबीआई द्वारा 31 मार्च, 2022 को उसकी वित्तीय स्थिति के संदर्भ में किया गया था। आरबीआई के निर्देशों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के गैर-अनुपालन के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को सलाह देते हुए एक नोटिस जारी किया गया था। यह कारण बताने के लिए कि उक्त निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर बैंक के जवाब पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने अन्य बातों के साथ-साथ पाया कि विवेकपूर्ण अंतर-बैंक (सकल) एक्सपोजर सीमा का पालन न करने का आरोप कायम था, जिससे मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया था।

## सात दिनों बाद ही मिल पाएगी मुक्ति, चंद्रा-मौर्या चौक पर चालकों को हो रही परेशानी

# फ्लाईओवर का बदल रहे बेयरिंग, रोज लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चंद्रा-मौर्या फ्लाई ओवरब्रिज में 21-26 नंबर के पिल्लर में बेयरिंग बदलने और संधारण का काम चलने से रायपुर से दुर्ग दिशा वाली सड़क बंद किया गया है।

आवश्यक संधारण कार्य होने से इसे बंद कर दिया गया है। जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्ग की ओर जाने वाली सभी तरह की वाहन नीचे सर्विस रोड से होकर निकल रही है। इससे ट्रैफिक पर दबाव बढ़ने से दोपहर व शाम ढलने के बाद वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। सुपेला से चन्द्रा-मौर्या चौक को जोड़ते हुए बने फ्लाईओवर में संधारण काम भी शुरु हो चुका है जो सात दिन तक चलेगा। फ्लाईओवर बन जाने के बाद भारी वाहन यहां से गुजर रहे थे। वहीं स्थानीय हल्के वाहनों के लिए नीचे वाली सड़क का इस्तेमाल होने से ट्रैफिक व्यवस्था में कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन फ्लाईओवर के एक तरफ का रास्ता संधारण काम व बेयरिंग बदलने के कारण बंद किया गया है। जिससे वाहन चालको को दिक्कत हो रही है। पावर हाउस, खुर्सीपार और भिलाई तीन के स्थानीय हल्के वाहन चालकों को सुपेला, दुर्ग पहुंचने में घंटे लग रहें है। एक तरफ से बंद फ्लाईओवर के चलते सभी तरह के वाहनों के लिए नीचे वाली सड़क से गुजरना पड़ रहा है।



### गलत दिशा का इस्तेमाल

रायपुर से दुर्ग की दिशा में शाम से लेकर देर रात तक लगने वाले जाम से बचने अनेक कार व बाइक चालक गलत दिशा से होकर गुजर रहें है। दुर्ग से रायपुर की दिशा वाली सड़क पर पावर हाउस से होकर सुपेला की ओर से निकल रहें है। इसी तरह आटो चालक भी अपनी मर्जी के मालिक बन गए है। इसके चलते वाहनों के बीच आमने सामने भिडंत की आशंका बढ़ गई है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस लोगों को गलत दिशा से आवाजाही न करने के प्रति सड़क पर तैनात होकर जागरुक कर रही है। लेकिन जाम में घंटों फंसे रहने से बचने स्थानीय वाहन चालक पावर हाउस से सुपेला की ओर गलत दिशा की सड़क का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### ट्रैफिक पुलिस ने किया निरीक्षण



फ्लाई ओवर ब्रिज में चल रहे काम का निरीक्षण करने ट्रैफिक पुलिस की टीम पहुची थी। इसके बाद टीम काम पूरा होने में सप्ताह भर का समय लगने की बात कही है। तब तक रायपुर से दुर्ग की दिशा में फ्लाईओवर बंद रहेगा। इससे नीचे वाली सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाने का प्रयास ट्रैफिक पुलिस कर रही है। हादसों को रोकने के लिए सुपेला चौक, चन्द्रा-मौर्या चौक, साक्षरता चौक के पास पर्याप्त बल लगाया गया है।

### जारी है संधारण का काम

सात दिनों तक फ्लाई ओवरब्रिज का काम चलेगा। उसके बाद पहले की तरह ब्रिज से वाहनों की आवाजाही शुरु हो जाएगी। ब्रिज बंद होने के कारण वाहन चालक अपने दिशा पर ही चले। संधारण का काम चल रहा है। **-सतीश ठाकुर,** डीएसपी ट्रैफिक

### गंदगी फैलाने वाले से निगम ने ठोंका जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिका निगम भिलाई की टीम क्षेत्र में नियम विरुद्ध कार्य अथवा निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है । जोन 2 एवं 4 के टीम ने कचरा फेंकने वाले तथा गंदगी फैलाने वाले से 11000 रुपए दाण्डिक शुल्क वसूल किया है। भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम प्रशासन की टीम क्षेत्र में होने वाले नियम विरुद्ध कार्य पर निगरानी रख रही है जोन 4 की राजस्व टीम राजस्व करो कि वसूली करते हुए अद्यौगिक क्षेत्र छावनी पहुंचा तो देखा कि वार्ड 41 में पीडीएस भवन के पास बलजीत सिंह कुर्रे ने सीमेंट के डस्ट से गंदगी फैला रखा रहा है।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने किया छाछ वितरण

**बालोद।** बाबा महिला मंडल एवं आखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में पुराना बस स्टैंड, हनुमान मंदिर के सामने निःशुल्क छाछ का वितरण किया गया।

### भाजपा के कर्मठ नेता थे मदन जैन : मनीष झा

**डौंडी।** अपने जीवन काल में भाजपा पार्टी के लिए समर्पित होकर पार्टी में जान फूंकने वाले समाजसेवी मदन जैन अपने जीवन के अंतिम समय में भी भाजपा को वोट देकर मतदान के दिन ही चल बसे। 26 अप्रैल की रात 8:30 बजे उनका आकस्मिक निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार शनिवार को नगर के मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में जैन समाज के अध्यक्ष सुभाष ढेलडिया, व्यापारी संघ अध्यक्ष गज्जू सोनी, अशोक खटोड साथ ही भाजपा के नेता यशवंत जैन, राकेश यादव, लाल निवेन्द्र टेकाम, लाल कौशल टेकाम, मनीष झा, दिनेश अग्रवाल, बसंत जैन, हिंसा राम साहू पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। भाजपा मंडल डौंडी के ब्लाक अध्यक्ष मनीष झा ने मदन जैन का इस तरह चले जाने को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए इस दुख की घड़ी में परिवार को ईश्वर द्वारा आत्मशक्ति प्रदान करने प्रार्थना की। ज्ञात हो कि वर्ष 1980 के दशक से मदन जैन डोंडी ब्लाक में भाजपा पार्टी को मजबूत करने की दिशा में कार्यरत थे। उस दौर में पार्टी के लिए झंडा, बैनर का खर्च स्वयं उठाकर वे कार्यकर्ताओं को पार्टी हित में जोड़ते चले आ रहे थे। उन्होंने क्षेत्र में भाजपा पार्टी को पैदा किया और तन, मन, धन से समर्पित होकर पार्टी के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहे। इस दौरान वे डोंडी नगर पंचायत के उपाध्यक्ष भी रहे। मदन जैन के दो पुत्र विजय और विशाल हैं वे राजेंद्र, विजेन्द्र और शलेन्द्र नाहर के जीजा थे।

### टी-20 मैच प्लेट कंबाइंड रायपुर ब्लू व बीएसपी



**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आयोजित सीनियर टी-20 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 बिलासपुर ब्लू विरुद्ध प्लेट कंबाइंड परिणाम प्लेट कंबाइंड ने यह मैच 8 विकेट से जीता। दूसरा मैच रायपुर ब्लू विरुद्ध महासमुंद परिणाम रायपुर ब्लू ने यह मैच 23 रन से जीता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर टीम बीएसपी विरुद्ध दुर्ग परिणाम बीएसपी मैच 7 विकेट से जीता। टीम रायपुर विरुद्ध बिलासपुर परिणाम रायपुर ने 35 रन से जीता।

### 5 हाई रिस्क गर्भवती का हुआ सिजेरियन

**दुर्ग।** डॉ कृष्ण कुमार डहेरिया स्त्री एवं प्रसूति रोग सर्जन ने बताया कि, 5 गर्भवति माताओं को गंभीर प्रकृति के हाई रिस्क थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम एवं जिला नोडल अधिकारी ( मातृ स्वास्थ्य) डॉ अर्चना चौहान के मार्गदर्शन में बीएमओ पाटन के नेतृत्व में फील्ड से हाई रिस्क गर्भवती माताओं की ट्रैकिंग कर सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के तहत कार्य किया जा रहा है। विभिन्न उपस्वास्थ्य केंद्रों के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सुपरवाइजर, मितानिनो से सक्रिय सहयोग से हाई रिस्क गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर विशेषज्ञों के परामर्श से क्रियान्वयन किया जा रहा है। ओपरशन में एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ अंकिता बोधनकर, प्रदीप सिन्हा, हेमलता वर्मा, अनिता जोशी, रूपा सिन्हा, जितेंद्र निर्मलकर, गिरिवर ,गीतांजलि साहू, माधुरी , लक्ष्मी , शीतल,हमर लैब टीम सरस्वती वर्मा, रमेश, एवं ब्लड स्टोरेज टीम श्वेता भारद्वाज, सुनीता वर्मा आदि स्टाफ के संयुक्त सहयोग से कार्य संपादित किया गया।

# भगवान दया और करुणा के सागर, जहर देने वाली पुतना का भी किया उद्धार : पं. निरंजन

**ग्राम बोरई में चल रहा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जब तक हम अपने जीवन में मन से असत्य को हटाकर शास्वत सत्य को अंगीकार नही करेंगे, हमारी जीवन की पूंजी बढ़ने वाली नही है। सद्पुरुषार्थ बढ़ने वाला नही है और आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होने वाला नही है। सतसंग से, चिंतन से, भगवान के नाम से और सद्गुरु की कृपा से जीवन में सत पुरुषार्थ बढ़ता है। भक्ति की सत्ता स्वतंत्र है और उस स्वतंत्र सत्ता को प्राप्त करने का माध्यम सत्संग है। बिना सत्संग के प्राणी पावन नही हो सकता।

उक्त बातें भगवताचार्य स्वामी संत निरंजन महराज लिमतरा आश्रम ने ग्राम बोरई में दीपक यादव परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित भागवकथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह में कही। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मनुष्य जीवन का जीते जी मुक्ति प्रदान करने वाली है। जीवन में जब कामनाओं की पूर्ति नही होती तो क्रोध होता है, क्रोध से मूढ़ भाव जन्म लेता है, मूढ़ भाव से स्मृति खत्म हो जाती है, स्मृति के नाश होने से बुद्धि बिगड़ जाती है और बुद्धि बिगड़ने से विवेक खो जाता है। मनुष्य अपने जिंदगी से गिर जाता है और मनुष्य का सर्वनाश हो जाता है। कलियुग का प्रभाव पड़ते ही राज परीक्षित जिसका परखा हुआ जीवन था, के साथ भी यही हुआ। अर्थात जीव ही परीक्षित है और काल तक्षत। जीवन में जब अपराध बोध होता है तो सुखदेव जी महाराज का प्रादुर्भाव होता है और भगवत मार्ग प्रशस्त हो जाता है और मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है।

### भागवत प्रेमी काल से भयभीत नहीं होता

जैसे सपेरे सर्प से भय नही खाता वैसे ही भागवत प्रेमी काल से भयभीत नहीं होता। काल के भय से मुक्त हो जाना ही मुक्ति है। भागवत रुपी अमृत पीकर कोई मरता नही है, चढ़ता है। जीवन के सच्चाई को प्राप्त करता है, भौतिकता में भटकता नही सार्थक सत्य को स्वीकार करता है, जिससे जीव धन्य हो जाता है।



### ईश्वर प्रेम के भूखे

बीज रुपी परमात्मा का ध्यान निर्गुण भाव से करें या सगुण भाव से तत्व तो वही है, मूल में वही है। अतः दोनों में कोई भेद नही है। ईश्वर प्रेम के भूखे हैं उनके शरण जो गये जो अर्पण किये सब स्वीकार किये। जहर परोसने वाली पुतना का भी उद्धार कर देते हैं, जगत कल्याण का भाव जिसके अंदर आ जाता है वो भगवान को प्रिय हो जाते हैं। दान, दया, धर्म , परमार्थ चरित्र, चिंतन ऐसे अप्रकटित गुणों से भरे जीव ही मनुष्य कहलाने योग्य होते हैं। संसार से प्राप्त संसाधनों का संसार के हित के लिए अर्पण कर देना ही मनुष्यता है।

## अवैध शराब : शराब दुकानें बंद होने के बाद भी जिले में खूब छलके जाम

# चुनाव पर शुष्क दिवस का कोचियों ने उठाया फायदा, 300 में बेची 90 रूपए की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में लोकसभा चुनाव होने से 24 से 26 अप्रैल तक शुष्क दिवस घोषित किया गया था, जिसके कारण तीन दिनो से शासकीय शराब दुकानें बंद थीं। इसका लाभ उठाते हुए अवैध शराब विक्रेताओं ने जिले में लूट मचा दी। 90 रुपए का पौवा 300 रुपए से अधिक में बेचा गया।

जिले में एक ओर लोकसभा चुनाव संपन्न हो रहा था, वहीं जिले में शादी ब्याह का सीजन भी चल रहा था। इन दिनों विवाह समारोहों में शराब सेवन आम बात हो गई है। लेकिन लोगों को शासकीय दुकानों से शराब नहीं मिल रही था, जिसके कारण अवैध शराब विक्रेताओं ने इस चुनाव के बीच शुष्क दिवस होने का पूरा फायदा उठाया। जिले के सभी क्षेत्रों में अवैध शराब विक्रेताओं ने शराब को मनचाहे दामों पर खुले आम बेचा, जो बिक भी रहा था। अवैध शराब विक्रेताओं ने इसके लिए पहले से ही तैयारी कर स्टाक जमा कर रखा था। प्रशासन इसके प्रति लगातार उदासीन बना रहा। दावा किया जाता है कि अवैध शराब विक्रेताओं द्वारा भारी मात्रा में शराब क्रय करने व स्टाक करने की जानकारी के बाद भी कोई बड़ी कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़ा कर रहा है।

**तिगुने से अधिक दाम पर बिकी शराब**



देशी के साथ अंग्रेजी शराब के दामों में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिली। जिले के गुरुर नगर सहित ब्लाक के फागुनदाह, पलारी, पुरुर, कंवर, अरकार, सांगली, सनौद, हसदा, बालोद ब्लाक के जगन्नाथपुर सांकरा, नगर के पाररास, पाण्डेपारा, जवाहरपारा, बुधवारी बाजार सहित दर्जन भर स्थानों, सांकरा क, करहीभदर, क्षेत्र में जहां देशी शराब का प्लेन पौवा 300 रूपये में तथा अंग्रेजी का गोवा पौवा 400 रूपये में बिक रहा था, जिसको लोग खरीद भी रहे थे। वहीं, प्रशासनिक अधिकारी चुनाव व्यवस्था में संलग्न थे, जिसके कारण बेधड़ शराब की बिक्री की गई। हीरामन सोरी ने बताया कि बीते गुरुवार की रात गुण्डरदेही में देशी प्लेन का पौवा 250 से 300 रूपये में खरीदना पड़ा। वहीं, गोवा की शराब रात में शादी घर के नजदीक में 400 रूपये पौवा के हिसाब से बिक रहा था। वहीं, आगामी मतगणना दिवस पर नगर पालिका परिषद बालोद स्थित देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं विदेशी मदिरा दुकान को 4 जून को पूर्णतः बंद रखने के आदेश जारी किया गया है।

# खम्हरिया में आज कर्मा महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम खम्हरिया में तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण द्वारा कर्मा जयंती-महोत्सव समारोह आज 28 अप्रैल को ग्राम बाजार चौक खम्हरिया (धनोरा) में भक्त माता कर्मा की 1008वीं जयंती मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू संघ पुरई एवं स्थानीय साहू समाज खम्हरिया के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। वहीं आज 28 अप्रैल को प्रातः 9 से 11 बजे दीप प्रज्जवलित एवं ध्वजारोहण, माता कर्मा की पूजा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम 11:30 बजे से, दोपहर 1 बजे अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन व सम्मान, शाम 5 बजे भक्त माता कर्मा की महाआरती एवं राष्ट्रगान समापन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व गृहमंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साहू संघ ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नंदलाल साहू, अतिविशिष्ट रमशीला साहू पूर्व मंत्री, जागेश्वर साहू, पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश, डॉ. दयाराम साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तलिपि बोर्ड, राजेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष जिला सह. केंद्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, लक्ष्मी यशवंत साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, खिलावन सिंह साहू कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहूकार संघ, राजेश साहू, कृष्णा प्रसाद साहू, दिव्या कलिहारी, यतीश साहू आदि होंगे।



■ प्रदेश के कोने-कोने से जुटेंगे सामाजिक बंधु

# छात्रों ने सीखा कैसे होता है एसडी कार्ड वीडियो शूटिंग

**हायर सेकेंडरी स्कूल अण्डा के छात्रों ने पूरा किया इंटर्नशिप**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

हायर सेकेंडरी स्कूल अण्डा में सत्र 2023-24 में व्यवसायिक पाठ्यक्रम मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट के कक्षा 11वीं और 12वीं के 34 बच्चो ने इंटर्नशिप किया। विद्यार्थियों ने अण्डा के प्रिया स्टूडियो के संचालक संजय साहू से प्रशिक्षण प्राप्त किया। व्यवसायिक प्रशिक्षक सुश्री दामिनी साहू के नेतृत्व में जो भविष्य में बच्चों के रोजगार के लिए सहायक होगा तथा स्टायफंड 1300 रुपए प्रति विद्यार्थियों को वितरण किया गया। इस दौरान छात्रों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। जो भविष्य में उनके रोजगार के लिए सहायक होगा । इंटर्नशीप में छात्रों ने फोटोग्राफी, वीडियो एडिटिंग, विडियो मेकिंग, फोटो प्रिंटिंग, शादी कार्ड, फोटोशाप साफ्टवेयर यूज कर फोटो एडिटिंग करना, पासपोर्ट साईज फोटो बनाना, पी.सी.आई.एम में सेट करना, एस.डी कार्ड वीडियो शूटिंग आदि के बारे में जाना। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान स्कूल के प्राचार्य श्रीमति सीमा जाम्बुलकर एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक सुश्री दामिनी साहू उपस्थित थे।

# निःस्वार्थ सेवा की मिसाल हैं दीनदयाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

आज के इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में कोई एक-दूसरे को पूछने वाला नहीं है। लेकिन समाज में कुछ ऐसे बिरले लोग भी हैं, जो आज भी इंसानियत को जिंदा रखे हुए हैं। हम बात कर रहे हैं ब्लॉक से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सेम्हरडीह के 60 वर्षीय दीनदयाल निषाद की जो कांकेर लोकसभा क्षेत्र के डौंडी लोहारा तहसील के मतदान केन्द्र क्रमांक 21 के अंतर्गत आते है। दीनदयाल के द्वारा लोकसभा, विधानसभा एवं पंचायत चुनाव सभी में सेवा देने वाले गैर राजनीतिक व्यक्ति एवं समाजसेवी हैं जो पिछले लगभग 25 वर्षों से गांव के समस्त ऐसे बुजुर्ग जो मतदान केंद्र तक स्वयं चलकर पहुंचने में असमर्थ हैं। ऐसे औसतन 15 बुजुर्गों को व्हीलचेयर में अकेले ही बैठा कर क्रम से मतदान केंद्र तक लाते हैं एवं घर तक सम्मान पूर्वक स्वयं पहुंचाते हैं। वे बिना जात-पात के व बिना भेदभाव के निस्वार्थ भाव से सेवा देते हैं, वर्षों पहले व्हीलचेयर नहीं था तो वे अपनी पीठ पर लादकर लाते ले जाते थे। ग्राम के शिक्षक बलदेव यादव ने बताया कि दीनदयाल गांव में किसी के यहां भी शोक कार्यक्रम में स्वप्रेरणा से बिना किसी अपेक्षा के पूरी शिद्दत से साथ देते हैं ।



■ 25 सालों से असमर्थ बुजुर्गों को मतदान केन्द्र तक लाते-ले जाते हैं

# विधायक ललित ने दुर्ग के भाजपा प्रत्याशी विजय के लिए मांगा वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विधायक ललित चन्द्राकर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में इन दिनों जोर-शोर से प्रचार में जुटे हैं। श्री चन्द्राकर ने क्षेत्र के ग्राम पिसेगांव, अछोटी, विनायकपुर, आमटी, निकुम, तिरगा, झोला, खांडा, बिरिझर, चंगोरी, थनोद में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच वाले कई ऐसे निर्णय हैं जिनके कारण हमारा देश आज आत्मनिर्भर बन चुका है। कई ऐसे विकास कार्य हैं जिनकी कल्पना भी हम नहीं कर सकते थे। जनहित की ऐसी कई योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति का भी उत्थान हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। इसलिए आप सभी भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को जिताकर पुनः सांसद बनाइए। इस अवसर पर जिला मंत्री व विधानसभा सहसंयोजक रोहित साहू जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, शिव कुमारी वैष्णव, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सरपंच गुलाब बाई, महिला मोर्चा अध्यक्ष यामिनी हरमुख सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 15 मई से होगा विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ का प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग

# बालोद में प्रदेशभर से जुटेंगी दुर्गावाहिनी की छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ का प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का 7 दिवसीय आयोजन पहली बार बालोद शहर में होने जा रहा है। जिसकी तैयारी के लिए विहिप, मातृशक्ति व बजरंग दल के पदाधिकारी लगे हुए हैं। 15 मई से 21 मई तक आयोजित होने वाले इस बड़े आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रांत के अलग-अलग जिलों से दुर्गावाहिनी की छात्राएं शामिल होने बालोद पहुंचेंगी, जिनके रुकने व भोजन की व्यवस्था की गई है। बालोद जिला विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला मंत्री राज सोनी, मातृशक्ति संयोजिका सत्या साहू ने बताया कि संगठन के कार्यों में दुर्गावाहिनी की बहनों की बड़ी भूमिका है। इस विषय को ध्यान में रखकर बहनों के शारीरिक व मानसिक दृष्टि से सक्षम बनाने के लिये यह आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रांत के मंत्री विभूति भूषण पांडे द्वारा जारी पत्रक में छतीसगढ़ प्रांत दुर्गावाहिनी की प्रांत संयोजिका रंजीता दास, सह संयोजिका पूजा जैन, मंजूषा पाटले, प्रीति दुबे इस वर्ग में आएंगी व इनकी उपस्थिति में बहनों को योग, राष्ट्रीय विचारों की शिक्षा सहित आत्मरक्षा के लिए तलवार चलाने व दंड चलाने सहित कराते का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

■ बहनों को योग, राष्ट्रीय विचारों की शिक्षा सहित आत्मरक्षा के लिए तलवार व दंड चालन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**समापन अवसर पर होगा भव्य पथ संचलन-** दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग की समापन तिथि 21 मई को बालोद शहर में पहली बार बहनों का पथ संचलन जिलेवासियों को देखने को मिलेगा, जहाँ दुर्गावाहिनी की बहने राष्ट्रवादी संस्कारो व दंड व तलवार के साथ पैदल पथ संचलन करेगी, जो ऐतिहासिक आयोजन होगा व इसके लिए बालोद शहर को सजाया जाएगा, वही भव्य स्वागत भी किया जाएगा, इसकी भी तैयारी की जा रही है। विहिप संगठन के प्रमुख पदाधिकारी जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला मंत्री राज सोनी, योगिता साहू, धारणी निषाद, खिलेश्वरी साहू, उषा साहू, बेबी ओझा, योगिता शर्मा, पूनम साहू सहित अन्य सदस्यों ने बैठक कर आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया व समिति का गठन किया।






## खबर संक्षेप

### पंडरिया विधानसभा में 70.75 प्रतिशत और कवर्धा विधानसभा में 74.60 प्रतिशत मतदान रहा



**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा का लोकसभा निर्वाचन 26 अप्रैल को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले का मतदान 73 प्रतिशत रहा। जिले के पंडरिया विधानसभा में 70.75 और कवर्धा विधानसभा में 74.60 प्रतिशत मतदान हुआ है। पंडरिया विधानसभा में 73.15 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने एवं 68.35 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने और कवर्धा विधानसभा में 75.79 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने तथा 73.43 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसके साथ ही थर्ड जेंडर मतदाताओं की प्रतिशत 100 रहा।



**कोलेगांव।** कांग्रेस कार्यकर्ता राजेश शुक्ला ने अपने ग्राम माकरी में किया मताधिकार का प्रयोग।

## मई और जून में नहीं होगी शादियां, जुलाई में सिर्फ कुछ श्रेष्ठ मुहूर्त

# अंतिम मुहूर्त में जमकर हुई शादियां अक्षय तृतीया पर एक भी शुभ मुहूर्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विवाह के मुहूर्त के मारामारी के चलते अप्रैल माह में जमकर शादियां हुई है। लेकिन, 27 अप्रैल शनिवार से शादियों का शुभ मुहूर्त नहीं है। इसके बाद गुरु व शुक्र तारा अस्त होने से दो माह मई व जून में फेरे नहीं होंगे। हालांकि, लोकाचार के चलते अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्त में कई लोग विवाह की तैयारी में है। खासकर इस दिन ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होते हैं। इस बार अक्षय तृतीया पर विवाह के एक भी शुभ मुहूर्त नहीं हैं। ऐसे में विवाह योग्य हो चुके हो युवक-युवतियों को अब लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। ज्योतिषियों के अनुसार गुरु और शुक्र का उदयमान होना अनिवार्य है। वही भोरमदेव मंदिर के पुजारी शास्त्री पं आशीष पाठक ने बताया कि इस साल अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को मनाया जाएगा। हर साल इस अबूझ मुहूर्त में ढेरों शादियां होती हैं, लेकिन इस साल शुक्र ग्रह के अस्त होने के कारण शादी का एक भी मुहूर्त नहीं है। इसी तरह 7 मई को गुरू वग्रह अस्त हो रहा है जो कि 1 जून को उदय होगा। शास्त्र के अनुसार विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों के लिए इन वग्रहों का उदयमान रहना अनिवार्य है।

### 61 साल बाद ऐसी स्थिति निर्मित हो रही ही है



61 साल बाद ऐसी स्थिति निर्मित हो रही ही है जब अक्षय तृतीया पर विवाह के लिए कोई मुहूर्त ही न हो। जनकारी के अनुसार इस वर्षों से अक्षय तृतीया को लोग अबूझ मुहूर्त मानकर इस मुहूर्त में बिना पंडितों की सलाह लिए मांगलिक कार्यक्रम संपन्न करते हैं। अबूझ मुहूर्त होने की वजह से सैकड़ों शादियां इस मुहूर्त में संपन्न होती है। लेकिन, इस बार जिन्हें मुहूर्तों का ज्ञान है वे मांगलिक कार्यों को आगे टालेंगे। जबकि, ग्रामों में शहनाइयां गूंजेगी। 67 सालों में तीसरी बार यह संयोग बन रहा है। इसके पूर्व वर्ष 1956 तथा 1976 में अक्षय तृतीया पर मुहूर्त नहीं थें। मुहूर्त नहीं होने की वजह से उन्हें अधिक परेशानियों का सामना का सामना करना पड़ सकता है।

### हर साल अक्षय तृतीया पर होती हैं ढेरों शादियां

जुलाई में 3 शुभ मुहूर्त, फिर तीन माह इंतजार, देव पंचांग के अनुसार विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य के लिए जुलाई महीने में 9, 11 से 12 जुलाई को शुभ मुहूर्त हैं। इन तिथियों में विवाह किए जा सकेंगे। इसके बाद विवाह के लिए फिर से लोगों को तीन माह का इंतजार करना होगा। नवंबर महीने में 22, 23 और 27 तारीख को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद दिसंबर महीने से विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं।

## ग्राम बीजाझोरी में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बीजाझोरी स्थित है जहां श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ सप्ताह का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है, श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ 25 अप्रैल से 2 मई 2024 तक चलेगी। कथा का समय सुबह 10 बजे से 5 तक परायण कथा पंडित प्रतीक मिश्रा और कथा व्यास आचार्य पंडित रामलोचन मिश्रा द्वारा श्रोतागण को प्रतिदिन रसपान करा रहे हैं, वही ग्राम बीजाडोरी में धार्मिकमय का माहौल बना हुआ है, व धार्मिक कार्यक्रम श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ को सफल बनाने के लिए संतोष यादव, मोहन यादव सेवा कार्य में जुटे हुए है, वही ग्रामवासियों का आग्रह है कि इस श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ का भरपूर आनंद ले और कथा में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं को आने की अपील की।

## वनांचल ग्राम पंचायत तितरी में शांति पूर्वक संपन्न हुआ लोकमत का महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नक्सल प्रभावित रेंगाखार कला परिक्षेत्र के वनांचल ग्राम पंचायत तितरी में सुरक्षा बलों की कड़ी तैनाती के बीच शांति पूर्वक स्वतंत्र भारत के 18वीं लोक सभा चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में कार्यरत कर्मचारियों के मुताबिक तितरी बूथ में 90 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी कड़ी में बूथ में मतदान करने ग्राम सरपंच श्रीमती भगवंतीन मरकाम, प्रतिनिधि कांशीराम मरकाम, सत्यमेव जयते क्लब कवर्धा के अध्यक्ष देव सिंह धुर्वे, कोषाध्यक्ष लालसिंह मरकाम, सदस्य प्रदीप कुमार परते, सुनील कुमार मेरावी, वरिष्ठ नागरिक अंतराम मेरावी, ईश्वर मरकाम, सुनील पटले, राकेश धुर्वे, आदर्श पटले, सुरेन्द्र धुर्वे सहित समस्त वयस्क मतदाता गण पहुंचे थें। और इस अवसर पर तैनात सुरक्षा कर्मी विकास मेश्राम, केशव चौहान, भरत हीड़को, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती हेमेश्वरी क्षीरसागर, ग्राम कोटवार तुलसीदास माग्रे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।



## भोरमदेव अभ्यारण को मिला डबलू टी आई से सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव अभ्यारण में अंतर्गत वन एवं वन्य प्राणियों के सुरक्षा एवं संवर्धन के उद्देश्य से वन विभाग दिन-प्रतिदिन नए-नए तरीकों से प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में वन विभाग के प्रयास से वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन में कार्यरत एक एनजीओ डबलू टी आई से भी सहयोग प्राप्त किया है। डबलू टी आई एनजीओ का गठन 1998 में वन्य प्राणियों के उनके रहवास में उत्पन्न समस्याओं के समाधान हेतु किया गया है।

डब्ल्यू टी आई वन्य प्राणियों के संरक्षण हेतु पूरे भारत में कार्यरत है यह संस्था वन्य प्राणियों के रह वास का सुदृढ़ीकरण, वन्य प्राणियों के रेस्क्यू,वन्य प्राणियों के रिइंट्रोडक्शन, वन कर्मियों का क्षमता विकास आदि विषयों पर निरंतर कार्य कर रही है। संस्था से 27 अप्रैल 2024 को डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा कवर्धा आए उनके द्वारा भोरमदेव अभ्यारण के कर्मचारियों को वन्य प्राणी प्रबंधन एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 में किए गए अद्यतन संशोधन के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी कवर्धा, अधीक्षक भोरमदेव अभ्यारण कवर्धा, वन परिक्षेत्र अधिकारी भोरमदेव एवं समस्त मैदानी कर्मचारियों के साथ-साथ सुरक्षा श्रमिक भी उपस्थित रहे।



उनके द्वारा वन कर्मियों के ज्ञान वर्धन के साथ-साथ दैनिक उपयोग के साधन भी उपलब्ध करवाए। दैनिक उपयोग के साधनों में पानी बोतल सोलर लालटेन सोलर फैन पानी फिल्टर उपलब्ध कराए गए। इन साधनों की आवश्यकता मैदानी अमले को निरंतर पड़ती रहती है, इन साधनों के उपयोग से मैदानी अमले की कार्य क्षमता में उत्तरोत्तर वृद्धि होने की संभावना है।

## पांडातराई नगर में शांति व सफलतापूर्वक हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडातराई




नगरीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव शुक्रवार को बेहतर मत प्रतिशत के साथ शांति पूर्वक संपन्न हुआ। और यहां लगभग 68 प्रतिशत मतदान किया गया। सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ होने से पहले ही मतदाता केंद्र पर पहुंचने लगे थे लोग और कतारबद्ध हो गये थे। मतदान में महिलाओं ने भी अपनी बड़ी उपस्थिति दर्ज दी गर्मी के बावजूद लोगों ने मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित किया। सुबह मतदान धीमी गति से शुरू हुआ, पहले दो घंटे में ही क्षेत्र के कई केंद्रों पर लगभग 18 से 20 प्रतिशत वोट पड़ गये थे, 10 बजे तक मतदान की रफ्तार तेज रही लेकिन तेज गर्मी और धूप के कारण दोपहर में मत प्रतिशत थोड़ा कम रहा, नगर के स्थित बूथ संख्या 134 पर इवीएम में खराबी के कारण एक घंटे विलंब से मतदान शुरू हुआ। नगर में छः बुथ बनाए गए थे नए मतदाताओं में मतदान के प्रति काफी उत्सुकता देखने को मिला वहीं बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता भी मतदान केंद्र पहुंचकर अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए मतदान किया नगर के प्राय सभी मतदान केंद्र में 5:30 बजे तक मतदान किया गया। स्थानीय प्राथमिक शाला में लंबी कतार देखने को मिला ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश मतदाताओं ने सुबह ही मतदान कर लिया था।

दोपहर की गर्मी में मतदान केंद्रों में काफी संख्या में मतदाता कम नजर आए लेकिन दोपहर के बाद कई मतदान केंद्रों में फिर से मतदाताओं की संख्या बढ़ी वोटर जब वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों की ओर निकले तो रोड में भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता आखरी और अंतिम दम तक मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करते देखे गए, कांग्रेस की ओर से पंजा हिला कर इशारा किया जाता कि इसका ध्यान रखना है जबकि भाजपा की ओर कार्यकर्ताओं ने कमल का ध्यान रखने की बात रखना कहते देखे गए, सुबह से शाम तक नजारा कुछ ऐसा रहा की अधिकांश वोटर अपने दोस्तों के साथ पहुंचाते रहे, महिलाएं धुप में चलकर अपने पड़ोस और मोहल्ले से मतदान केन्द्रो की ओर जाते रहे नगर में मतदान केंद्रों में जहां आसक्त हो चले 80-90 वर्षीय बुजुर्गों को मतदान के प्रति उत्सुकता देखा गया।




## शिक्षक की मतदान के लिए अनोखी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कबीरधाम जिले में शिक्षक व बूथ लेवल अधिकारी चंद्रप्रकाश घृतलहरे की अनोखी पहल 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन कवर्धा के ट्रैफिक सिग्नल चौक के पास देखने को मिली जिसमें चंद्र प्रकाश हाथ में तख्ती रखें जिसमें कबीरधाम वासियों वा कर्मचारी के लिए संदेश, आज छुट्टी का नहीं जिम्मेदारी निभाने का दिन है, एवरी वोट मैटर्स माय माइ कवर्धा चंद्रप्रकाश लिखा हुआ था। जिसमें चंद्र प्रकाश के द्वारा गाड़ी के पास जा जाकर कवर्धा वासियों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। कि वह आज छुट्टी ना मनाए अपने मतदान का प्रयोग करें लोकतंत्र को मजबूत करें जवाब में कवर्धा वासियों की तरफ से बहुत ही शानदार रिस्पांस हुआ वही उत्सुकता देखी जा रही थी चंद्रप्रकाश का वीडियो भी खूब वायरल हो रहा था जिसमें मतदान हेतु प्रेरित करते नजर आ रहे थें। इसमें कवर्धा वासी उंगली दिखाकर अपनी समर्थन दे रहे हैं कबीरधाम जिले में यह पहल सार्थक व मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

### दुर्घटना........



**कवर्धा।** विकासखण्ड बोड़ला ग्राम सिल्हाटी मे बन रहे निर्माणधिन पुलिया में जा टकराई कार घटना में कार सवार बाल बाल बचे।

### प्रक्रिया कराई गई वीडियों ग्राफी, सीसी टीवी और सुरक्षा जवानों द्वारा रखी जा रही निगरानी

## राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम किया गया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले में हुए लोकसभा मतदान की ईव्हीएम मशीनों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी जनमेजय महोबे की विशेष उपस्थिति में कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम में सील किया गया। स्ट्रांग सीलिंग के दौरान कवर्धा एवं पंडरिया के सहायक रिटर्निंग अधिकारी अनुपम टोप्पो, सन्दीप ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियो ग्राफ़ी कराई गई है। इन दोनों स्ट्रांग रूम को आगामी 4 जून मतगणना दिवस के दिन सुबह विधिवत खोला जाएगा। स्ट्रांग रूम सील के बाद कलेक्टर श्री महोबे, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने स्ट्रांग रूप एवं कृषि उपज मंडी परिसर की सुरक्षा के लिए लगाई गई सीसी टीवी कैमरे की मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा,पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133